शनिवार

22 अक्टूबर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




बेटे से मिल कर लौट रहे साइकिल सवार दंपती को ट्रक ने रौंदा, दोनों की मौत 2


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## छोटी खबरें

### कार्यकर्ता ने मंत्री को दिखाया धौंस, कहा हम हैं तो आप हैं

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यालय में बीते दिन लगे जनता दरबार में मंत्री को हड़काने का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो के अनुसार जनता दरबार में समाज कल्याण मंत्री मदन साहनी और परिवहन मंत्री शीला मंडल आम लोगों से लेकर जेडीयू कार्यकताओं तक की समस्या सुन रहे थे। इसी बीच एक युवक ने मदन साहनी से अपनी समस्या बताई मंत्री का जवाब सुनकर युवक ने अपना आपा खो दिया। मंत्री को हड़काते हुए कहा कि क्यों काम कर रहे हैं। छोड़ दीजिए। युवक जेडीयू का कार्यकर्ता है। उसने धौंस दिखाते हुए कहा कि हम हैं तो आप हैं ये समझ जाइए... जब आपसे काम नहीं हो रहा है तो छोड़ दीजिए। युवक की बात सुन मंत्री मदन साहनी भी भड़क गए। कहने लगे कि क्या करेगा? हटा देगा? हटा दो। फालतू बकवास करते हो। कार्यकर्ता के साथ मौजूद एक शख्स ने मंत्री मदन साहनी को जवाब देते हुए कहा कि बेइज्जत की बात नहीं है। इस पर मदन ने कहा कि ठीक से बोलिए न। कार्यकर्ता और मंत्री के बीच कुछ देर तक चली बहस के बाद वहां मौजूद कुछ लोगों ने मामले को शांत कराया। कार्यकर्ता को पकड़कर बाहर ले गए।

### सब्जी खाने से एक ही परिवार के 8 लोग बीमार, इलाजरत

**शेखपुरा।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत लोदीपुर पंचायत के पथरेटा गांव में मशरूम की सब्जी खाने के बाद हुए फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के 8 लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। घटना शुक्रवार की दोपहर की है, जिसमें घर में खाना खाने के कुछ घंटे बाद घटी। घर के परिवार के सभी सदस्यों को उल्टी और पेट में दर्द की शिकायत होने लगी। इस घटना के बाद गांव में अफरा तफरी की स्थिति मच गई। फौरन ग्रामीणों की सहायता से सभी बीमार लोगों को इलाज के लिए शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# यूपी के सीएम का दिवाली गिफ्ट... पुलिसकर्मियों को अब 500 रुपए मिलेगा बाइक भत्ता

- पुलिस स्मृति दिवस पर योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा
- अपराधियों की अब तक 44 अरब 59 करोड़ की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई
- ऐसी जमीनों पर अब बेटियों के लिए स्कूल या गरीबों के लिए बन रहे घर



**एजेंसी/लखनऊ**

पुलिस स्मृति दिवस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसकर्मियों को बड़ी सौगात दी है। शुक्रवार को लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान योगी आदित्यनाथ ने अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही 200 रुपए साइकिल भत्ता देने की व्यवस्था को बंद कर उसकी जगह 500 रुपए बाइक भत्ता देने की घोषणा की। वहीं उन्होंने पांच लाख रुपए तक के मेडिकल खर्च को डीजीपी द्वारा स्वीकृत किए जाने की घोषणा की। इससे पहले सीएम ने पुलिस लाइन पहुंचकर शोक परेड की सलामी ली और 263 पुलिसकर्मियों और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने संविधान के अनुसार कानून का राज बनाये रखने में उत्तर प्रदेश पुलिस के योगदान की सराहना की है।

उन्होंने पुलिस विभाग को ई-पेंशन पोर्टल की सेवा का उपहार दिया। मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों की सहूलियत को देखते हुए 5 लाख रुपए तक के चिकित्सा खर्च प्रतिपूर्ति की स्वीकृति पुलिस महानिदेशक स्तर से होने की घोषणा करते हुए कहा कि अभी तक इसके लिए शासन स्तर पर कार्यवाही होती थी, जिससे अनावश्यक विलम्ब होता था, अब ऐसा नहीं होगा।

### एक वर्ष में शहीद हुए सात पुलिसकर्मी

सीएम योगी ने बताया कि एक सितंबर 2021 से 31 अगस्त 2022 की अवधि में कर्तव्य की बेदी पर देश में 264 पुलिसकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर किए। इनमें उत्तर प्रदेश के सात पुलिसकर्मी क्रमशः उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा, उपनिरीक्षक कादिर खां, मुख्य आरक्षी मुनील कुमार चौबे, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी सुमित कुमार, आरक्षी ललित कुमार और आरक्षी मनीष कुमार शामिल हैं। सीएम ने इनकी वीरता की तारीफ करते हुए इन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने पुलिस स्मृति दिवस पर पिछले एक साल में शहीद हुए सात पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुलिस और सरकार उनके साथ है। डीजीपी डीएस चौहान ने कहा कि पुलिस की कार्य प्रणाली में लगातार बदलाव हो रहा है। जिससे अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगा है। प्रदेश सरकार ने पुलिस ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले पुलिस कर्मी को 25 लाख की जगह 50 लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए 166 दुर्दांत अपराधी

२सीएम ने बताया कि यूपी में अलग-अलग मुठभेड़ों में 166 दुर्दांत अपराधी मारे जा चुके हैं। बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए पुलिस की कोशिशों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए अब तक 44 अरब 59 करोड़ की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई है। ऐसी जमीनों पर अब बेटियों के लिए स्कूल या गरीबों के लिए घर बन रहे हैं। सीएम ने कहा कि 30 मार्च 2017 से 13 अक्टूबर 2022 तक प्रदेश भर 166 दुर्दांत अपराधी मारे गए। जबकि 4453 घायल हुए। 58,648 पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई और 807 पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई। 50 कुख्यात माफियाओं और उनके सदस्यों की लगभग 2268 करोड़ की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई। इसमें एक माफिया और उसके आठ साथी मुठभेड़ में मारे भी गए। 39 को आजीवन कारावास की सजा हुई है तो अदालत में प्रभावी पैरवी के जरिए दो अपराधियों को फांसी की सजा भी दिलाई गई।

**बिहार को सौगात:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोनों मेडिकल कॉलेज का किया शिलान्यास

# डुमरांव और बेगूसराय में 500-500 बेड का बनेगा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल

- ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 9476 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रदान किया गया नियुक्त पत्र
- मुख्यमंत्री ने भोजपुर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की भी घोषणा की

**केटी न्यूज/पटना**

बक्सर के डुमरांव और बेगूसराय में 500-500 बेड का मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बनेगा। इनके निर्माण पर 515-515 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करते हुए शुक्रवार को पटना के ज्ञान भवन से वर्चुवल मोड में इनका शिलान्यास किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे।

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के लिए जहां डुमरांव के हरियाणा फार्म की 25 एकड़ जमीन प्रस्तावित की गई है, वहीं बेगूसराय की 20 एकड़ जमीन का सरकार ने अधिग्रहण किया है। जानकारी के अनुसार 100 एमबीबीएस हर वर्ष इसमें दाखिला लेंगे। मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग आवास, प्रशिक्षण केंद्र, छात्रों का होस्टल, आईसीयु, सिटी स्केंन, वेंटिलेटर, खून जांच केंद्र भवन और कैंटीन बनेगा। वर्ष 2016 में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डुमरांव में बनने वाले मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल निर्माण के प्रस्ताव पर राज्य सरकार ने सहमति दे दी थी। भवन का निर्माण वर्ष 2021 तक पूरा होना था। वर्ष 2019 में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने इसका शिलान्यास भी किया था। इस दौरान समाहरणालय स्थित सभागार में केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार, ब्रम्हपुर विधायक शम्भूनाथ यादव,डुमरांव विधायक के अजित कुशवाहा, के साथ कई नेता और जिला के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।

मौके पर नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग अपने बल पर बिहार को विकसित कर रहे हैं। 2005 से बिहार के हर क्षेत्र और हर वर्गों के लिऐ बड़े पैमाने पर काम किए गऐ हैं। सीएम ने कहा कि भोजपुर के लिए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के ही कैंपस में चिकित्सा महाविद्यालय बनाने का निर्णय हमलोगों ने किया है।



### पांच वर्षों में 37 हजार से अधिक पदों पर बहाली

नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा विगत पांच वर्षों में 24 हजार 600 से अधिक पदों पर कर्मियों की बहाली की गई है और 5 हजार से अधिक पदों के लिए नियोजन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है जिसे इस वर्ष पूरा कर लिया जायेगा। स्वास्थ्य समिति में लगभग 11 हजार और नई बहाली की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले पांच वर्षों में 12 हजार 800 से अधिक नियुक्तियां की गई हैं तथा 21 हजार 400 पदों पर नई बहाली की प्रक्रिया शुरू की गई है। कुल मिलाकर पिछले पांच वर्षों में 37,400 से अधिक कर्मियों की बहाली हो चुकी है और लगभग इतने ही पदों पर बहाली अगले वर्ष तक हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले नियुक्तियों में बहुत विलंब होता था इसीलिए हमलोगों ने तकनीकी सेवा आयोग का गठन किया ताकि तेजी से जरुरत के अनुसार लोगों की बहाली हो सके।

### वादा निभाना पड़ेगा,´ जुमलेबाजीं नहीं चलेगी

तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री भी लोगों को नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं। बिहार के नौकरी मॉडल को आज देश अपना रहा है। बिहार के लोगों ने वह सब करके दिखाया है, जिसे आज बड़े से बड़े लोग मान रहे हैं। जब बिहार में महागठबंधन सरकार नियुक्ति पत्र बांटने लगी, तो वह भी 75000 लोगों को नियुक्ति पत्र दे रहे हैं। वादा हर साल दो करोड़ रोजगार देने का था, इसके हिसाब से 8 साल में 16 करोड़ लोगों को रोजगार मिलना चाहिए था। लेकिन जुमला पार्टी की सरकार ऐसा करने में नाकाम रही है। बिहार की महागठबंधन सरकार जनता की सभी जरूरत पूरी कर रही है। तेजस्वी ने कहा कि जो वादा किया था उसे निभाना पड़ेगा, जुमलेबाजी नहीं चलेगी।

### मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना का शुभारंभ

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बिहार को दिवाली के पहले कई तोहफे दिए। ज्ञान भवन में मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना का शुभारंभ किया। राज्य में 20 लाख नौकरी व रोजगार के वायदे के तहत 9476 स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्त पत्र प्रदान किया। इनकी बहाली संविदा के आधार पर की गयी है। इसके साथ ही सीएम ने 224.19 करोड़ की लागत वाली जनहित की 24 योजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने भोजपुर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की भी घोषणा की।

# पूर्णिया के नगर निगम के जेई के घर छापा, 50 लाख से ज्यादा कैश बरामद

- जूनियर इंजीनियर ने अवैध कमाई से पटना, पूर्णिया और सहरसा में बना रखा है आलीशान घर

**केटी/न्यूज पटना**



पूर्णिया एसपी दयाशंकर पर भ्रष्टाचार मामले में शिकंजा कसने के बाद निगरानी विभाग ने अब नगर निगम के जूनियर इंजीनियर के घर पर छापा मारा है। इस छापेमारी में जूनियर इंजीनियर शिवशंकर सिंह की करोड़ों रुपए की अवैध कमाई का खुलासा हुआ है। शिवशंकर ने नगर निगम में रहते अवैध तरीके से अकूत कमाई कर पटना, पूर्णिया और सहरसा में आलिशान कोठियां बनाई हैं। ऐसे में निगरानी टीम ने पटना से लेकर पूर्णिया के उनके 3 ठिकानों पर सुबह से ही छापेमारी में लगी रही। पूर्णिया में टीम ने उनके घर से 50 लाख से ज्यादा कैश बरामद किया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। इसके अलावा जमीन के कागज, बैंक पासबुक और बैंक के लॉकर में रखे कैश, जेवरात और निवेश के कागजात भी निगरानी ने बरामद किए हैं। आरोपी शिव शंकर सिंह से निगरानी विभाग की टीम लगातार पूछताछ कर रही है।

टीम ने शुक्रवार सुबह ही शिव शंकर सिंह के शिवाजी कॉलोनी स्थित आवास और सहरसा स्थित पैतृक घर पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। छापेमारी में कुल 14 सदस्य शामिल हैं। शिव शंकर सिंह के पास आय से 1.21 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति का पता चला है। इसमें पत्नी व बेटे के नाम पर पटना व पूर्णिया में 7 प्रॉपर्टी मिली है। पूर्णिया आवास से 1.90 लाख रुपए नकद, दो लॉकर व आवास से 40 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात जब्त हुए हैं। इसके साथ पोस्ट ऑफिस में 35 लाख का निवेश, छक्ठ की 12 पॉलिसी व जमीन में निवेश के 8 डीड मिले हैं। पटना के बोरिंग कैनाल रोड की राणा रेजिडेंसी अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या - 102 से 11.65 लाख के जेवरात मिले हैं। सहरसा में किराए पर लगा 3 मंजिला भवन मिला है।

### जख्मी मिली किशोरी हार गई जिंदगी की जंग

**बलिया।** बलिया के सिकरहटा में खून से लथपथ बेहोशी की हालत में मिली किशोरी आखिर जिंदगी की जंग हार गयी। सात दिनों तक बीएचयू में इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। घटना के सारे राज उसके साथ ही दफन हो गए। क्षेत्र में 14 अक्टूबर की शाम को अपने गांव के इंटर कालेज में रावण वध का मेला देखने गई किशोरी मेले से घर नहीं पहुंची। अगले दिन खून से लथपथ बेहोशी की हालत में एक किशोरी मिली थी। उसके हाथ मे धारदार हथियार से काटे जाने का निशान था।

### अरुणाचल प्रदेश में सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत पांच की गई जान

**एजेंसी/अरुणाचल प्रदेश**

अरुणाचल प्रदेश में शुक्रवार की सुबह सेना का हेलिकॉप्टर रुद्र क्रैश हो गया। हेलीकॉप्टर में सेना के पांच कर्मी सवार थे जिसमें से अब तक चार के शव बरामद किए जा चुके हैं। सेना की ओर से राहत व बचाव कार्य अभी भी जारी है। ये हादसा ऊपरी सियांग जिले में तूतिंग मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर सिंगिंग गांव के पास हुआ है। डिफेंस पीआरओ ने बताया कि ये हादसा शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजकर 40 मिनट पर हुआ है। ऊपरी सिंयाग जिले में आर्मी का एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर ने लिकाबली इलाके से उड़ान भरी थी। दुर्घटनास्थल तक पहुंचने के लिए रेस्क्यू टीम को काफी दिक्कतें हुई। काफी देर बाद बचाव अभियान शुरू हो सका। इससे पहले 5 अक्टूबर को राज्य के तवांग में सेना का चीता हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। खबरें आई कि नियमित उड़ान के दौरान हादसा हुआ था। हेलिकॉप्टर में मौजूद दोनों पायलट्स को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# फर्जी विजिलेंस अधिकारी बन सदर प्रखंड के नाजिर से रुपये ऐंठने में ठग गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर जिला मुख्यालय में विजिलेंस का फर्जी अधिकारी शुक्रवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसे सदर प्रखंड के नाजिर से पैसे ऐंठने की कोशिश करते गिरफ्तार किया गया है। वह नाजिर पर भ्रष्टाचार के झूठा आरोप को मैनेज करने के नाम पर एक लाख रुपये ऐंठने का प्रयास कर रहा था। मिनिस्ट्रीयल क्वार्टर स्थित नाजिर के आवास से उसे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार जालसाज नगर थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश लाल का पुत्र रविशंकर है। उसके पास से निगरानी विभाग का मुहर और कई कागजात बरामद किए गए हैं। इस संबंध में नाजिर नागेन्द्र कुमार के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व पुलिस उससे कड़ी पूछताछ कर रही है। नाजिर नागेन्द्र कुमार मूल रूप से पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव के रहने वाले हैं। प्राथमिक के अनुसार नाजिर नागेन्द्र कुमार शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपने आवास पर थे। उसी दौरान एक व्यक्ति उनके आवास पर पहुंचा। अपने को विजिलेंस अफसर बता रहा शख्स निगरानी का विभाग का पत्र दिखा रहा था। उसमें उन पर भ्रष्टाचार के आरोप थे। वह उस केस को मैनेज करने के नाम पर उनसे एक लाख रुपए की मांग कर रहा था। उससे नाजिर को उस पर संदेह हुआ, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

# बड़ा बदलाव : बीपीएससी की 68वीं परीक्षा में केंद्रों पर ही प्रिंट होंगे प्रश्न पत्र

- बीपीएससी परियोजना प्रबंधक के 38 पदों के लिए मेंस की परीक्षा आज
- लगातार प्रश्न पत्र लिक होने की शिकायत के बाद लिया गया फैसला

**केटी न्यूज/पटना**




बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने एक बार फिर प्रारंभिक परीक्षा में बड़ा बदलाव की तैयार कर ली है। जिसका खुलासा बीपीएससी के कार्यालय में आयोग के अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने किया। उनके अनुसार यह परिवर्तन बीपीएससी 68वीं परीक्षा से पहले की जाएगी। अतुल प्रसाद के अनुसार 22 अक्टूबर को बीपीएससी परियोजना प्रबंधक के 38 पदों के लिए मेंस की लिखित परीक्षा की तिथि निर्धारित है। जिसमें कुल 880 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए पटना में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां दो पालियों में परीक्षा होनी है। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से ले कर 12:30 बजे तक होगा और दूसरी पाली की परीक्षा का आयोजन दोपहर दो से पांच बजे तक किया जाएगा। जिसके लिए बीपीएससी एक प्रयोग करने जा रहा है। जिसके तहत परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के सामने ही प्रश्न पत्र प्रिंट किया जाएगा। जिसके लिए प्रश्न पत्रों के अलग अलग सेट पेन ड्राइव में रैंडमली डालकर केंद्रों पर लाया जाएगा। जिसके बाद अभ्यर्थियों के समक्ष ही प्रिंट कर उन्हें प्रश्न पत्र दिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार पिछली बार 97वीं बीपीएससी की पीटी परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र लीक होने के बाद सरकार व आयोग की काफी किरकिरी हुई थी। जिसके बाद आयोग ने परीक्षा को रद्द किया था। लेकिन, अब आयोग अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। जिसको लेकर वो अपनी ओर से फुल प्रुफ तैयारी कर चुकी है। बताया जा रहा है कि प्रश्न पत्रों को प्रिंट करने के लिए भी आयोग अपनी से केंद्रों को प्रिंटर उपलब्ध कराएगी। इस बीच प्रश्न पत्रों को प्रिंट करने में देरी होती है, तो उसके लिए परीक्षार्थियों को अलग से समय दिया जाएगा।

हालांकि, आयोग ने इससे पहले कभी भी प्रश्न पत्रों को प्रिंट कर अभ्यर्थियों के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया है, लेकिन सीबीएसई पूरक परीक्षाओं में यह प्रयोग कर चुका है। आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को होने वाली परीक्षा में 200 अंक के 150 प्रश्न होंगे। जिसमें 50 कठिन प्रश्नों पर 100 अंक होंगे। अन्य 100 प्रश्न के लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। वहीं, जिन प्रश्नों पर स्टार लगे होंगे, वैसे स्टार लगे 50 प्रश्नों के उत्तर देने में गलती होने पर नेगेटिव मार्किंग की जाएगी। एक प्रश्न के गलत उत्तर के लिए 0.25 प्रतिशत या 0.50 प्रतिशत अंक काटे जा सकती है।

## शहर छोटी खबरें

### कचरा प्रबंधन के के लिए मास्टर ट्रेनर को मिला प्रशिक्षण

**बक्सर।** ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण किया गया। यह प्रशिक्षण डिजिटल कम्युनिकेशन एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (डीसीएमएस) ऐप पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया। ऐप के माध्यम से शौचालय के उपयोगिता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन पर व्यवहार परिवर्तन किया जाना है। जैसे कचरे का घरेलू स्तर पर पृथक्करण, हरा एवं नीले कूडेद्रान का प्रयोग, सोख्ता का निर्माण, शौचालय का रेट्रोफिटिंग एवं खुले में शौच से मुक्ति तथा निर्मित शौचालय का निरंतर उपयोग। ऐप के माध्यम से जागरूकता संबंधित संदेश दिया जाना एवं फॉलोअप करना मुख्य उद्देश्य है। बक्सर जिलें में डीसीएमएस ऐप पर जिला सलाहकार अनिल प्रसाद एवं जिला सलाहकार रविरंजन को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। यह मास्टर ट्रेनर पंचायतों में कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक को डीसीएमएस ऐप पर प्रशिक्षित करेंगे।

### नहर में नहाने के दौरान किशोर की डूबने से मौत

**सासाराम।** जिला मुख्यालय स्थित लालगंज नहर में शुक्रवार को एक किशोर नहाने के क्रम में नहर की तेज धार में बह गया। घटना के चार घंटे बाद भी उसका अत-पता नहीं है। जिसकी सूचना से डूबे किशोर के किशोर के परिवार में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज के स्व सरोज कुमार का 17 साल का बेटा बादल कुमार अपने दोस्तों के साथ छठ घाट बनाने गया था। काम खत्म करने के बाद तीन दोस्त नहर में स्नान करने लगे। नहाने के क्रम में वे आगे बढ़ गए और गहरा पानी एवं तेज बहाव के कारण डूबने लगे। डूबते देख वो चिल्लने लगे, तब नहर नहाते अन्य लोग उन्हें बचाने की कोशिश में लग गए। दो लड़कों को लोगों ने बचा लिया, परंतु बादल नहर के तेज बहाव में बह गया। किशोर के पानी में डूबने की सूचना मिलते ही परिजन नहर पर पहुंचे और डूबे किशोर की खोज शुरू की, परंतु घटना के चार घंटे बाद भी कुछ पता चल नहीं सका है। परिजनों ने प्रशासन को भी सूचना दी है। सूचना पर पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंच गए हैं। गोताखोर बुलाए गए हैं, जिनकी सहायता से डूबे बच्चे की तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि डूबा किशोर लालगंज के राज मोहन सिंह का नाती है। उसके पिता सरोज कुमार का देहांत चार साल पहले हो चुका है।

# फिट इंडिया फ्रिडम रन 3.0 : जिलाधिकारी के नेतृत्व में दौड़ा जहानाबाद शहर

- छह नवंबर को आयोजित होगा नशामुक्त बिहार हाफ मैराथन
- हाफ मैराथन में हिस्सा लेने के लिए पांच नवंबर

**केटी न्यूज/जहानाबाद**






कला संस्कृति एवं युवा विभाग ने विभिन्न संस्थानों के कर्मचारियों, उनके परिवार, रिश्तेदारों, खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों की सहभागिता दर्ज कराते हुए एक मुहिम के रूप में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत फिट इंडिया फ्रिडम रन 3.0 कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश जारी किया था। जिसके आलोक में फिट इंडिया फ्रिडम रन 3.0 का आयोजन दो से 31 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसके मद्देनजर जिला मुख्यालय में शुक्रवार को जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के नेतृत्व में फिट इंडिया फ्रिडम रन 3.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ऊंटा मोड़ से लेकर कारगिल चौक तक लोगों ने इस कार्यक्रम दौड़ लगाई। इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ्य और तंदुरुस्त रखते हुए सेहत के प्रति जागरूकता फैलाने की एक पहल की गई। इस कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड, नेहरू युवा केंद्र, एनसीसी, रग्बी, वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक्स एवं अन्य खेल विधाओं के खिलाड़ी और वॉलिंटियर्स पूरी उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। जहानाबाद जिले के शारीरिक शिक्षकों, अनुदेशकों, यूथ एवं पीडब्ल्यूडी आइकॉन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिन्होंने पूरी तत्परता और लगन से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित धावकों से छह नवंबर को जहानाबाद जिले में आयोजित होने वाले नशामुक्त बिहार हाफ मैराथन (5/10 किलोमीटर) में भाग लेने हेतु अपील किया गया एवं इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए मध्य विद्यालय ऊंटा कमरा नंबर 10 में पांच नवंबर तक आवेदन देने के लिए अनुरोध किया गया।

जिला पदाधिकारी के साथ साथ उप विकास आयुक्त, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा, प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, अधीक्षक मद्य निषेध एवं उत्पाद, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं जिले के अन्य पदाधिकारीगण, जिला सलाहकार क्षमता वर्धन सूचना शिक्षा एवं संचार, प्रभारी पदाधिकारी एनसीसी, जिला संगठन आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड, यूथ एवं पीडब्ल्यूडी आईकॉन नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ी, खेल प्रेमी, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा सह जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मीगण द्वारा भाग लिया गया।

# बेटे से मिल कर लौट रहे साइकिल सवार दंपती को ट्रक ने रौंदा, दोनों की मौत

### पीरो-कोआथ सड़क पर अगिआंव बाजार के समीप की शाम को हुआ हादसा

- रोहतास जिला के दावथ थाना क्षेत्र के नावाडीह के रहने वाले थे दंपति
- घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को किया जब्त, चालक फरार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के अगिआंव बाजार में शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में रोहतास निवासी दंपती की दर्दनाक मौत हो गयी। साइकिल सवार दंपती को एक बेलगाम ट्रक ने रौंद डाला। उसमें बारी-बारी से दोनों ने दम तोड़ा। हादसा पीरो-कोआथ मेन रोड पर अगिआंव बाजार पुल के सटे हुआ है?। मृतको में रोहतास जिला के दावथ थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी साह 45 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र साह और उसकी 40 वर्षीया पत्नी प्रमिला देवी थी।

हादसे की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार मौके पर पहुंच गये। उसके बाद द्वारा दोनों को तत्काल पीरो अस्पताल ले जाया गया। पुलिस द्वारा ट्रक को जब्त कर लिया गया है। हालांकि चालक भागने में सफल रहा।

घटना के संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि वीरेंद्र साह का बेटा अगिआंव बाजार स्थित किसी दुकान में काम करता है। उससे मिलने शुक्रवार को दोनों पति-पत्नी अगिआंव बाजार आये थे। शाम में दोनों साइकिल से घर जा रहे थे। तभी अगिआंव बाजार स्थित पुल के समीप बेलगाम ट्रक ने दोनों को कुचला दिया। इधर, डाक्टर की ओर से मृत घोषित करने के बाद टाउन थाना की पुलिस द्वारा दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया।



#### पहले पति की हुई मौत, फिर गई पत्नी की जान

हादसे के बाद थानाध्यक्ष की तत्परता भी दंपती की जान नहीं बचा सकी। बारी-बारी से पति-पतनी की मौत हो गयी। थानाध्यक्ष के अनुसार हादसे की सूचना मिलते वह मौके पर पहुंच गये थे। उसके बाद बिना देर किये अपनी गाड़ी से दोनों को पीरो अस्पताल ले गये। वहां प्राथमिक उपचार कराये जाने के बाद दोनों को गंभीर हालत में आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उनके अनुसार स्थिति वीरेंद्र साह के बदले उनकी पत्नी अधिक सीरियस थी। लेकिन पहले वीरेंद्र साह की मौत हो गयी। उसने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया गयी। उसके बाद इलाज के दौरान उनकी पत्नी ने भी दम तोड़ दिया।

#### एक साथ अनाथ हुए तीन बच्चे

तेज रफ्तार के कहर से एक ही झटके में तीन बच्चे अनाथ हो गये। बच्चों के माता-पिता की एक साथ सड़क हादसे में मौत हो गयी। ऐसे में तीनों बच्चों से एक साथ माता और पिता का प्यार छीन गया।इधर, दिवाली से ठीक पहले दोनों की मौत से उनके घर में कोहराम मच गया है। हादसे के बाद बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया जाता है कि वीरेंद्र साह और प्रमिला देवी को दो पुत्र करण, अर्जुन व एक पुत्री रेशमी है। वीरेंद्र साह चार भाइयों में छोटा थे।

# मारपीट में बीच-बचाव करने गये किशोर को बदमाशों ने मारी गोली

- गोली मारने के कारणों की छानबीन और धरपकड़ में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित नवादा थाना अंतर्गत जगदेव नगर मोहल्ला स्थित मंदिर के समीप शुक्रवार की सुबह बदमाशों ने एक किशोर को गोली मार दी। जिसमें जख्मी किशोर का गुनाह सिर्फ इतना था कि उसने एक युवक को मारपीट करने से बदमाशों को रोका था। घटना में किशोर के दाहिने पैर में घुटने के पास गोली लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी किशोर नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला निवासी बलिराम साह का 17 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार है। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश भाग निकले। सूचना मिलते ही नवादा थाना की पुलिस पहुंची और छानबीन में जुटी गयी। जख्मी अजीत कुमार ने बताया कि पांच-छह की संख्या में रहे लड़कों द्वारा उसके मोहल्ले के ही अर्जुन चौधरी नामक युवक के साथ मारपीट की जा रही थी। उसे देख वह युवक को बचाने चला। तभी उन लड़कों द्वारा उसे गोली मार दी गयी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी अजीत कुमार के अनुसार उसका किसी से झगड़ा नहीं था। हालांकि पुलिस के अनुसार घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की छानबीन की जा रही है। इस क्रम में दसदर अस्पताल पहुंची पुलिस द्वारा किशोर से पूछताछ कर घटना की जानकारी हासिल की। उसके बाद पुलिस गोली मारने वालों की पहचान और धरपकड़ में जुट गयी है।

### धनतेरस आज, बाजार में होगी धन की वर्षा

**डुमरांव।** आज धनतेरस का त्योहार मनाया जाएगा। बाजार में इस मौके पर धन की वर्षा होगी। मान्यता है कि इस दिन सोने चांदी के आभूषण, धातु के सामान तथा झाडू खरीदना शुभ होता है तथा धन धान्य की वृद्धि होती है। इसे देखते हुए शहर के आभूषण व बर्तन के दुकानदारों द्वारा काफी अच्छी तैयारी की गई है। दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शनिवार को बाजार खुलने के साथ ही लाखों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। कोरोना काल के बाद दुकानदारों का उम्मीद है कि इस धनतेसर बिक्री का रिकार्ड बनेगा।

# खर्चा मांगने का विरोध करने पर युवक को गोली मारने वाला कट्टा के साथ गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपित के पास से एक देसी कट्टा और 315 बोर की छह गोलियां बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा मोहल्ले में गुरुवार की देर शाम युवक को गोली मारने में आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक लोडेड देसी कट्टा और 315 बोर की छह गोलियां भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार आरोपित नगर थाना क्षेत्र के रघुटोला निवासी सुरेंद्र यादव का पुत्र रामनेह यादव है। वह पूर्व से एक युवक को गोली मारने में वांटेड था। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात धनुपरा डीआरसीसी के पास खर्चा मांगने का विरोध करने पर रघुटोला निवासी सुधीर यादव नामक एक युवक को गोली मार दी गयी थी। उसे लेकर सुधीर यादव के बयान पर रामनेह यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के अनुसार रामनेह यादव के खिलाफ अप्रैल माह में भी एक युवक को गोली मारने का केस दर्ज है। गुरुवार की रात सूचना मिली कि वह अपने घर पर है। उस आधार पर दारोगा अशोक कुमार और गीधा ओपी इंचार्ज पूनम कुमारी के साथ पुलिस टीम द्वारा रघुटोला में छापेमारी की गयी। तब पुलिस को देख भाग रहे रामनेह यादव को खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कमर से एक देसी कट्टा और छह गोलियां बरामद की गयी। हथियार और गोली की बरामदगी में उसके खिलाफ दारोगा अशोक कुमार के बयान पर आर्म्स एक्ट की अलग प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

# बेटे से कहासुनी होने के बाद महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

- बक्सर जिले के सेमरी थाना अंतर्गत मझवारी गांव की थी रहने वाली
- नगर थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ले की शुक्रवार सुबह की घटना

**केटी न्यूज/आरा**



जिला मुख्यालय स्थित नगर थाना अंतर्गत तरी मोहल्ले में रहने वाली एक महिला की शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। बेटे से कहासुनी के बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद उसे शहर की बड़ी मठिया के पास बेहोशी की हालत में पाया गया। जिसके स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल लाया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतका की मूल रूप से बक्सर जिला के सेमरी थाना अंतर्गत मझवारी गांव निवासी सुरेश पाठक की 48 वर्षीया पत्नी मधु देवी बताई जा रही है। वह करीब 15 वर्षों से अपने अपने बच्चों के साथ के साथ तरी मोहल्ला स्थित मायके में रहती थी।

महिला के भाई चंदन पाठक ने बताया कि उसके जीजा का करीब 15 वर्ष पूर्व एक्सीडेंट हो गया था। उसके कारण वह काम नहीं कर पाते हैं, जिससे उसके घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसके कारण उसकी बहन 15 वर्षों से उन लोगों के साथ रहती है। वह कपड़े की दुकान पर काम करके अपने बच्चों का पालन पोषण करती थी। अब उनका बेटा बड़ा हो गया है, लेकिन कोई काम नहीं करता है। उस कारण उसकी बहन काफी परेशान रहती थी और उसे लेकर उसकी अपने बेटे से हमेशा कहासुनी होती थी। उसे लेकर शुक्रवार की सुबह भी उसकी बेटे से कहासुनी हुई। उसके बाद वह घर से बाहर निकल गयी। बाद में सूचना मिली कि वह बड़ी मठिया के पास बेहोश पड़ी थी। उसका सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर वह अपने परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचा। वहां इलाज के दौरान उसकी बहन ने दम तोड़ दिया। वहीं, सूचना मिलने पर टाउन थाना की अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## एक नजर

### जिले में पशुओं को नि:शुल्क टीकाकृत करने के लिए अभियान की हुई शुरूआत



**अरवल।** बिहार पशु स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम-2022 के तहत शुक्रवार को जिला पशुपालन कार्यालय, अरवल गांधी मैदान के समीप पशुओं में होने वाले जीवाणु जनित गलाघोंटू एवं लंगड़ी रोग से बचाव हेतु निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन अरवल विधानसभा के माननीय विधायक महानंद सिंह एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विधायक ने जिले के सभी पशुपालकों को अपने-अपने बेजुबान मवेशियों को बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण करवाने हेतु आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पशुओं की सेवा ही सबसे बड़ा मानव धर्म है।डॉ. अरविंद कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी पांचों प्रखंडों में जिले में कार्यरत समस्त पशु चिकित्सकों, कर्मियों के साथ साथ कुल 65 चयनित निजी टीकाकर्मियों को लगाया गया है। यह कार्यक्रम 21 अक्टूबर से 20 नवंबर तक चलाया जाना है। मंच संचालन कर रहे राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल पदाधिकारी सह बंशी प्रखंड पशु चिकित्सालय के डॉ. उपेन्द्र कुमार ने बताया कि गलाघोंटू रोग पासचुरेला एवं लंगड़ी रोग क्लोस्ट्रीडियम नामक बैक्टेरिया से होता है। गलाघोंटू रोग में पशुओं को तीव्र ज्वर, खाना, पागुर छोड़ देना, लार गिराना, गले से घरघराहट एवं लंगड़ी रोग में तीव्र ज्वर एवं लंगड़ाहट होने जैसे लक्षण दिखते हैं। दोनों बीमारियों में पशुओं का मृत्युदर अत्यधिक है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क टीकाकरण का लाभ सभी पशुपालकों को अवश्य ही उठाना चाहिए। कार्यक्रम में अरवल के सहायक कुक्कुट पदाधिकारी डॉ. दीनानाथ शर्मा सहित सभी प्रखंडों के पशु चिकित्सक, कर्मी एवं आसपास के कई पशुपालकों ने भाग लिया।

### डीएम ने किया दो सरकारी कर्मियों को सेवा से बर्खास्त

**बक्सर।** जिलाधिकारी अमन समीर ने समाहरणालय संवर्ग के दो कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार राजस्व कर्मचारी राजेन्द्र यादव और लिपिक संवर्ग के कर्मी मुकेश कुमार को डीएम ने सेवा से निकाल बाहर किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र यादव वर्ष 2010 में सिमरी अंचल में कार्यरत थे। वहां सूखा राहत वितरण में राशि बगन का आरोप लगा। जांच पूरी हुई तो यह तथ्य सामने आया कि चार लाख रुपये का गबन हुआ है। इसके विरूद्ध वे लोकायुक्त कार्यालय गए। जहां से उन्हें चार लाख रुपये सरकारी खजाने में जमा करने का आदेश दिया गया। लेकिन, उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई बंद नहीं हुई। फिलहाल व इटाढ़ी अंचल में कार्यरत थे। इसी बीच बीते दिन उनके खिलाफ जिलाधिकारी ने सेवा से बर्खास्त कर दिया। दूसरे कर्मी मुकेश कुमार है। वे फिलहाल निलंबित चल रहे थे। उनके विरूद्ध आरोप था कि वर्ष 2016 में भू अर्जन विभाग में बतौर नाजिर कार्य करते हुए उन्होंने एक लाख 30 हजार की जगह 13 लाख रुपये का चेक काट दिया। जिसका भुगतान उस व्यक्ति के नाम से हुआ। जो भूमि का मुआवजा धारक था। लेकिन, उनके विरूद्ध लगभग 12 लाख की राशि गबन का आरोप लगा।

### खेलने के दौरान बच्चों की तबीयत बिगड़ी दो गंभीर हालत में इलाजरत

**आरा।** जिले के संदेश थाना क्षेत्र के दलेलगंज गांव में शुक्रवार की शाम आधा दर्जन बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। इसमें कुछ बच्चे बेहोश हो गये, तो कुछ सुस्त पड़े हैं। वहीं कुछ अजीब हरकत कर रहे हैं। इनमे में दो बच्चों की हालत गंभीर बनी है। सभी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। इससे गांव से लेकर सदर अस्पताल तक अफरातफरी फरातफरी मची है। इधर, परिजनों द्वारा किसी विषैले जंतु द्वारा काटे जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि बच्चों के शरीर पर किसी तरह का निशान नहीं मिला है। बीमार बच्चों में दलेलगंज गांव निवासी रंजीत सिंह की पुत्री रोशनी कुमारी, रीया कुमारी, पुत्र ऋषभ कुमार, मुकेश सिंह का पुत्र लल्लू कुमार, पुत्री तनु कुमारी और सच्चिदानंद सिंह का पुत्र ओम कुमार शामिल है। इधर, रंजीत सिंह ने बताया कि सभी बच्चे शुक्रवार की शाम गांव में एक ही जगह पर खेल रहे थे। तभी सभी की हालत अचानक बिगड़ गई। उसके बाद सभी को इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया।

# मच्छरों के प्रति सतर्कता व स्वच्छता अपनाएं, डेंगू की कहर से बचें

- घर के आस-पास जलजमाव न होने दें
- लक्षण नजर आते ही करें चिकित्सक से संपर्क

**केटी न्यूज/भभुआ**




बारिश का मौसम लगभग खत्म हो चुका है लेकिन अभी भी डेंगू का कहर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब डेंगू मलेरिया जैसे मच्छर जनित रोगों के प्रकोप से सभी को चिंताजनक परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इनसे निपटने के लिए अलर्ट मोड़ में है। लेकिन विभाग की एक तरफा मुहिम तब तक कारगर नहीं हो सकती जब तक समुदाय भी डेंगू के लक्षणों और इससे बचाव के प्रति जागरूक और सतर्क न हो जाये। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जेएन सिंह ने कहा कि डेंगू मच्छर जनित रोग है, जो एक गंभीर बीमारी की श्रेणी में आता है। डेंगू से बचाव के लिए लोगों को साफ- सफाई एवं जागरूकता जरूरी है। फिलहाल जिले के कुछ प्रखंडों में डेंगू के मामले ज्यादा आ रहे हैं। जिसपर नियंत्रण करने का प्रयास जारी है। इसलिए डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। मच्छर रोधी दवा का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में डेंगू वार्ड बनाये गए हैं ताकि डेंगू के मरीजों का समुचित उपचार किया जा सके।

### डेंगू का सबसे बड़ा कारण घर के आस पास जलजमाव व गंदगी

डॉ. सिंह के अनुसार जिले के अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन की कम एवं बरसात के पानी का सही से निष्कासन नहीं होने के कारण गंदे पानी का जलजमाव एवं सड़कों तथा गलियों में गंदगी का फैलाव डेंगू प्रसार का सबसे बड़ा कारण है। लोग डेंगू के प्रति सचेत रहें। घर के आसपास पानी का जमाव नहीं होने दें। इससे मच्छर नहीं पनपेगा और आपका डेंगू से बचाव होगा। बरसात के कुछ महीने ऐसे होते हैं जब ना गर्मी ज्यादा है और ना ही सर्दी अधिक होती है। ऐसे मौसम में डेंगू के मच्छर ज्यादा पनपते और डेंगू मरीजों के ज्यादा मामले सामने आते हैं। इसलिए अभी सावधान रहने की जरूरत है।

### डेंगू और कोरोना के बुखार में कोई समानता नहीं

डेंगू भी अपने साथ बुखार ले कर आता है। लेकिन इसकी तुलना कोरोना या अन्य किसी बुखार से ना करें। यह एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, जो खासकर बरसात के मौसम में ज्यादा पनपते। यह दिन में ही काटते हैं। इसलिए 3 से 7 दिन तक लगातार बुखार, सिर में दर्द, पैरों के जोड़ों व आंख के पीछे तेज दर्द, चक्कर एवं उल्टी आना, शरीर पर लाल चकत्ते जैसे लक्षण दिखे तो तुरंत जांच कराकर पता लगाएं की यह डेंगू है या अन्य किसी रोग के लक्षण।

## जिले छोटी खबरें

### छठ घाटों का सौंदर्यीकरण शुरू

**नावानगर।** प्रखंड मुख्यालय के पोखरा पड़ाव को छठ घाट के लिए सौंदर्यीकरण का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया है। छठ घाट का सौंदर्यीकरण कार्य मुखिया हशबू निशा की देखरेख में की जा रही है। इसको लेकर छठ पूजा समिति एवं ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। इधर मुखिया प्रतिनिधि इजाजूल हक ने बताया कि नावानगर पड़ाव पोखर को छठ घाट सौंदर्यीकरण का कार्य 15 वें वित से लगभग 14 लाख रुपये की लागत खर्च से जा रही है। उन्होंने बताया छठ घाट की सौंदर्यीकरण के बाद सूर्य मंदिर निर्माण की दिशा में ग्रामीणों के साथ बैठक कर चर्चा किया जाएगा। जिससे की छठ व्रति अर्ध्य देने के बाद भगवान भास्कर कि पूजा अर्चना कर सके।

### शराब तस्करी के खिलाफ अभियान तेज

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। पिछले 24 घंटे के अंदर डुमरांव पुलिस ने शराब से भरे बैग बरामद करने के साथ ही दो एक कारोबारी व एक शराबी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुप्त सूचना पर छठिया पोखरा के पास से एक बैग में छिपाकर रखे 72 बोतल अंग्रेजी शराब को बरामद किया है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही तस्कर फरार हो गया। शराब बरामद करने के बाद पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। दूसरी घटना राज हाई स्कूल के पास की है। यहां, शराब बिक्री किए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी अनिल ततवां को 9 बोतल शराब के साथ धर दबोचा है। वहीं, ढेलवानी मोहल्ला से इतलाफ मंसूरी को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने तीनों मामलों की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पर्व त्योहार के दौरान शराब तस्करों पर लगाम लगाने के लिए विशेष अभियान चला रही है।

### ट्रेन की चपेट में आ युवक जख्मी, हालत गंभीर

**डुमरांव।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के डाउन प्लेटफार्म पर ट्रेन से उतरने के दौरान एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना गुरुवार देर शाम की है। जख्मी युवक शंकर कुमार उम्र 24 वर्ष पिता सुरेन्द्र गोंड नगर के दक्षिण टोला का रहने वाला है। आनन फानन में रेल प्रशासन द्वारा उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्तपताल पहुंचाया गया। जहां, प्राथमिक इलाज के बाद बेहत इलाज के लिए उसे पटना रेफर कर दिया गया है। पटना में इलाज के दौरान बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए उसके बाए पैर को डाक्टरों ने काट दिया है। बावजूद उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### गंगा ब्रिज से युवती ने लगाई छलांग, नहीं हो सकी पहचान

**बक्सर।** शुक्रवार की शाम सारीपुर पुल से एक युवती ने गंगा में छलांग लगा दिया। उसे छलांग लगाते देखने वालों ने हो हल्ला मचाया। इस दौरान वहा सैकड़ो की भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा गोताखोरों को सूचना दी गई। समाचार लिखे जाने तक न तो युवती की पहचान हो सकी थी और न ही शव तलाश की प्रक्रिया ही शुरू हो सकी थी।

# पल्स पोलियो का विशेष अभियान : पर्व-त्योहार पर जिले के चार प्रखंडों में पिलाई जा रही दवा

- अभियान को सफल बनाने के लिए 48 टीम गठित, 10 सुपरवाइजर करेंगे अनुश्रवण
- 21 से 31 अक्टूबर तक जिले में संचालित होगा अभियान



अभियान का अनुश्रवण करे अधिकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में दीपावली व छठ महापर्व के दौरान विशेष पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य समिति के निर्देशों के अनुसार 21 से 31 अक्टूबर तक अभियान चलाया जाएगा।

ताकि त्यौहार के दौरान जिले में आने व यहां से कहीं अन्यत्र जाने वाले बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा सके। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक निदेशक केशवेंद्र कुमार ने अभियान को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया है । जिसके बाद जिला स्वास्थ्य समिति ,अभियान को सफल बनने में जुट गयी है।

इस क्रम में शुक्रवार से अभियान की शुरूआत की जा चुकी है। जिसके लिए जिला स्वास्थ्य समिति के स्तर से ब्रह्मपुर, बक्सर शहरी, चौसा व डुमरांव प्रखंड के लिए 48 दो सदस्यीय टीम को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिसके अनुश्रण में 10 सुपरवाइजर को लगाया गया है। इसके अलावा जिलास्तर पर भी अभियान की निगरानी की जा रही है।

### पर्व पर अन्य जिलों और राज्यों से लौटते हैं लोग

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, दीपावली व छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ गृह जिला लौटते हैं। जो स्थायी तौर पर यहां निवास करते, लेकिन रोजगार के कारण अन्य जिलों और राज्यों में रहते हैं। जिसको देखते हुए उन परिवारों के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि पोलियो संक्रमण के फिर से प्रसार का खतरा है। लिहाजा एक्सपर्ट एडवाइजरी ग्रुप की अनुशंसा पर जिले में विशेष पोलियो अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के क्रम में वैसे चिह्नित स्थान जहां से बच्चे जिला, प्रखंड व संबंधित गांव में प्रवेश करेंगे, वहां 21 से 31 अक्टूबर के बीच ट्रांजिट टीम प्रतिनियुक्त कर बच्चों को दवा पिलाई जायेगी।

### पोलियो संक्रमण के प्रसार की संभावना बरकरार

डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया कि बिहार, 13 वर्ष पूर्व ही पोलियो मुक्त हो चुका है। बावजूद इसके पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों में पोलियो का संक्रमण जारी है। जिसको देखते हुए पूरे देश में फिर से इसके प्रसार की संभावना जताई जा रही है। इसलिए पल्स पोलियो अभियान पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी बच्चे के अंगों को जीवन भर के लिये कमजोर कर देती है। पोलियो लाइलाज है क्योंकि इसका लकवापन ठीक नहीं हो सकता है। बचाव ही इस बीमारी का एक मात्र उपाय है। मल पदार्थ में पोलिया का वायरस जाता है। ज्यादातर वायरस युक्त भोजन के सेवन करने से यह रोग होता है। यह वायरस श्वास तंत्र से भी शरीर में प्रवेश कर रोग फैलाता है। पोलियो स्पाइनल कॉर्ड व मैडुला की बीमारी है।

# छठ के दौरान गंगा में नौका विहार व बैरिकेडिंग पार करने पर रहेगी रोक

- बढ़े जलस्तर के कारण डीएम ने दिए निर्देश
- चिन्हित किए गए खतरनाक घाट
- युद्ध स्तर पर हो रहा वैकल्पिक घाटों का निर्माण
- लोगों की सुविधा के लिए जारी किए गए आपातकालीन नंबर



**केटी न्यूज/बक्सर**

गंगा का जलस्तर बढ़े होने के कारण इस बार लोक आस्था के महापर्व छठ के दौरान सुरक्षा के लिहाज से जिला प्रशासन ने कड़े दिशा निर्देश जारी किए है। देर से वषार्पात होने तथा पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक बारिश के कारण इस बार गंगा का जलस्तर अभी तक मानक से काफी उपर है। जिस कारण प्रशासन द्वारा सभी घाटों की बैरिकेटिंग की गई है। डीएम द्वारा जारी किए गए निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि किसी भी हालत में व्रती तथा उनका परिवार इस बैरेकेटिंग को पार नहीं करेगा। जबकि महापर्व के दौरान घाट पर आने वाले बच्चें, बुजुर्गो तथा दिव्यांगों का ख्याल रखना होगा। जबकि पहले से निर्धारित किए गए घाटों के साथ ही वैकल्पिक घाटों पर सुरक्षा, रौशनी तथा साफ सफाई की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई जा रही है। जिला प्रशासन ने कुल नौ घाटों को खतरनाक घाटों की श्रेणी में रखा है। इनमें वार्ड एक के फुआ घाट, वार्ड दो के रानी घाट, बुढ़वा शंकर घाट, वार्ड तीन के लक्ष्मीनारायण घाट, वार्ड 13 के जहाज घाट, वार्ड चौदह के महाराजा घाट, तुलसी घाट, जज घाट तथा पुलिया घाट शामिल है। इन घाटों पर जलस्तर बहुत अधिक है। यहा व्रतियों को विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया है। छठ घाटों के पास कुछ पशुपालकों द्वारा अपने मवेशियों को बांधा जाता है। उन्हें छठ तक वहा पशु बांधने से रोका गया है। जबकि सुरक्षा के लिहाज से आठ छठ घाटों पर एनडीआरफ की चार टीमें तैनात रहेगी। इसके अलावे सभी घाटों पर एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीमों को भी तैनात किया जाएगा।

### वैकल्पिक घाटों का निर्माण तेज

गंगा का जलस्तर बढ़ने तथा कई घाटों के खतरनाक होने से जिला प्रशासन इस बार कई वैकल्पिक घाटों का निर्माण करा रहा है। जानकारी के अनुसार जेल घाट के आगे ठोरा संगम घाट, निमार्णाधीन गंगा सेतु के पूरब 300 मीटर की दूरी में तथा अहिरौली के पास भी वैकल्पिक घाट बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इन वैकल्पिक घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

### आपात स्थिति से निपटने के लिए जारी किए गए नंबर

डीएम ने छठ के दौरान किसी अप्रिय स्थिति के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई आपातकालीन नंबर भी जारी किए है। केशव टाइम्स अपने पाठकों के लिए इन नंबरों को सार्वजनिक कर रहा है ताकी जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता मिल सके।

**जरूरी नंबर :**

| | |
|---|---|
| आपदा नियंत्रण कक्ष : | 06183- 223333 |
| अनुमंडल पदाधिकारी, बक्सर : | 9473191241 |
| अुनमंडल पुलिस पदाधिकारी, बक्सर: | 9431800090 |
| कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बक्सर : | 9835033872 |
| नगर थानाध्यक्ष, बक्सर : | 6207926809 |

## सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले दो युवक, एक की मौत व दूसरा गंभीर

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के राजपुर थाना अंतर्गत दैतरवा बाबा के पास सड़क किनारे गुरुवार की रात गश्ती दल को दो युवक अचेतावस्था में मिले। पुलिस उन्हें लेकर इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी पहुंची, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्राथमिक इलाज के बाद दूसरे युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया गया है। घटनास्थल से पुलिस को एवील का इंजेक्सन, सुई तथा सफेद रंग का पाउडर मिला है। जिसे ब्राउन सुगर मान पुलिस ने उसे जब्त कर जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि दोनों युवक मादक पदार्थो के नशे के आदी थे तथा आशंका जताई जा रही है कि मादक पदार्थो की अत्यधिक डोज की वजह से उनकी हालत बिगड़ी, जिसमें एक युवक की मौत हो चुकी है तथा दूसरे की हालत भी गंभीर बनी हुई है। दोनों युवक राजपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय पंचायत के पुरैनी गांव के निवासी है। मृतक नीरज कुमार सिंह उम्र 25 वर्ष पिता दीनानाथ सिंह अपने मां बाप का इकलौता संतान था।

जबकि दूसरा युवक भी इसी गांव का कमलेश्वर सिंह का पुत्र राजकुमार उम्र 22 वर्ष है। राजपुर थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया नशे के अधिक डोज के कारण ही उसकी मौत होने की संभावना है। जबकि उसका इलाज करने वाले डॉ. विद्या ने भी बताया कि दोनों की नशे के हालत में थे। बहरहाल पुलिस और डाक्टर दोनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ भी स्पष्ट कहा जा सकता है। वैसे इस घटना के बाद राजपुर थाना क्षेत्र के में मादक पदार्थो की तस्करी व सेवन की पुष्टि हो रही है।

## लापरवाही... तालाब में चूने की जगह डाला ब्लीचिंग पाउडर, मछलियां मरीं

- नप की लापरवाही के कारण जंगलीनाथ शिवमंदिर तालाब में पाली गई मछलियां

**केटी न्यूज/डुमरांव**



तालाब के बाहर पड़ी मरी हुई मछलियां

नगर के जंगलीनाथ शिवमंदिर के तालाब में छठ की सफाई के नाम पर नगर परिषद के मजदूरों द्वारा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किए जाने से मछलियां मर गई है। मछलियों को मंदिर समिति ने पाला था। मरी हुई मछलियां रोहू तथा कतला प्रजाति की थी। मंदिर प्रबंधन समिति से जुड़े प्रो सुभाष चंद्रशेखर ने 30 से 35 मछलियों के मरने की पुष्टि की है। जबकि सूत्रों ने बताया कि सैकड़ों की तादात में मछलियां मरी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम नप के सफाई कर्मी जंगलीनाथ शिवमंदिर पहुंच सफाई अभियान चलाए था तालाब के पानी को साफ करने के लिए उसमें चुना की जगह ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर दिए। शनिवार की सुबह तालाब में मरी हुई मछलियां उतराने लगी। जिसे देख मंदिर समिति सख्ते में आ गई। तत्काल इसकी खबर समाजसेवी व मंदिर समिति के अग्रणी राज सिंह को दी गई। उन्होंने बाजार से आक्सीजन का टैबलेट मंगवा तालाब में डाला इसके अलावा मोटर चला तालाब के जलस्तर को बढ़ाने का प्रयास किया गया, ताकी जहर का असर कम हो सके। इस घटना के बाद श्रद्धालुओं तथा मंदिर समिति में नप के प्रति गहरा आक्रोश है।

लोगों का कहना है कि इस तालाब पाली गई मछलियों को कोई मारता नहीं है। पूजा करने आने वाले श्रद्धालु उन्हें नियमित दाना खिलाते है। हालांकि नगर परिषद ने इस तालाब में ब्लीचिंग पाउडर डालने से इन्कार किया है, लेकिन मंदिर समिति ने बताया कि इस बार चुना के बदले नप द्वारा ब्लीचिंग का छिड़काव कर दिया गया है।

**सुरक्षा को लेकर तैयारी:** धनतेरस की पूर्व संध्या पर एसडीओ व एसडीपीओ ने व्यवसायियों के साथ की बैठक

## डुमरांव अनुमंडल में देर रात तक नहीं खुलेंगी दुकानें : एसडीओ

- एसडीओ व एसडीपीओ ने संभाली विधि-व्यवस्था और सुरक्षा की कमान
- व्यवसायियों ने प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बैठक में उपस्थित एसडीओ व व्यवसायी

धनतेरस की पूर्व संध्या पर एसडीओ कुमार पंकज व एसडीपीओ कुमार वैभव ने शहर के आभूषण व बर्तन के साथ ही अन्य प्रमुख व्यवसायियों के साथ बैठक किया। बैठक में धनतेरस पर्व पर ग्राहकों के साथ ही चोर उचक्कों तथा लूटेरो से निपटने के लिए विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीओ ने दुकानदारों को निर्देश दिया कि जरूरत नहीं होने पर वे अधिक रात तक अपनी दुकानें नहीं खोले बल्कि देर शाम तक ही ग्राहकों को निपटा ले। इसके अलावे एसडीओ ने कहा कि विधि व्यवस्था के लिए काफी दुरूस्त तैयारी की गई है। धनतेरस को पूरे दिन व रात में पुलिस गश्त करते रहेगी। जबकि पुलिस के जवान सादे लिबास में भी तैनात रहेंगे। इसके लिए वैसे जवानों का चयन किया गया है जो काफी तेज तर्रार हो तथा उचक्कों को पलक झपकते ही धर दबोचे।

**पहले से बहुत बेहतर हुआ है अनुमंडल का माहौल :** बैठक के दौरान व्यवसायियों ने सुरक्षा के लिहाज से प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग भी की। एसडीओ ने इस मांग को जायज बताते हुए कहा कि इसकी व्यवस्था की जा रही है। वहीं, बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। व्यवसायियों ने भी अपने बातों को निर्भिकता पूर्वक रखते हुए कहा कि माहौल पहले से बहुत बेहतर हुआ है। अब बाजार में रात तक दुकान खोलने में भी डर नहीं लगता है। वहीं, एसडीओ ने उन्हें खुद से भी सावधानी बरतने तथा ग्राहकों के भेष में आने वाले चोर उचक्कों पर नजर रखने की नसीहत दी तथा कहा कि जहा कही भी संदिग्ध लोग दिखे तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दे। ताकी समय रहते उन्हें पकड़ा जा सके। एसडीओ ने कहा कि लोगों के सहयोग से पुलिस प्रशासन का काम आसान होगा।

**देर रात तक लोग करते हैं सामानों की खरीदारी :** बताते चलें कि धनतेरस पर बाजार में धन की वर्षा होती है तथा करोड़ों की खरीद बिक्री होने से बाजार गुलजार रहता है। इस दौरान सबसे अधिक बिक्री सोने चांदी व धातु के सामानों की होती है। पूरे दिन बाजार में चहल पहल रहती है तथा देर रात तक लोग सामानों की खरीदारी करते हैं। मान्यता है कि इस दिन आभूषण या धातु के सामान खरीदने पर धन धान्य की वृद्धि होती है। वहीं, चोर उचक्के भी इस दिन मौके की तलाश में रहते है। जिसे देखते हुए प्रशासन सर्तक हो गया है। जिसको देखते हुए एसडीओ कुमार वैभव व एसडीपीओ कुमार पंकज इलाके की विधि-व्यवस्था और सुरक्षा की कमान संभाले हुए हैं।

## एक नजर

### नंदन में निमार्णाधीन वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का बीडीओ ने निरीक्षण कर दिए निर्देश



**डुमरांव।** नंदन में डोर टू डोर कूड़ा उठाव शुरू होने के बाद अब सात लाख की लागत से वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट की प्रक्रिया भी निमार्णाधीन है। शुक्रवार को बीडीओ संतोष कुमार ने इस वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण निर्धारित समय में इसे पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंचायत के मुखिया रामजी सिंह ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि इस इसका निर्माण समयसीमा के भीतर हो। फिलवक्त चिन्हित किए गए जगह पर कूड़ा कचरा डंप किया जा रहा है। यूनिट के तैयार होते ही इसका उपयोग शुरू कर दिया जाएगा। यह पिट तैयार होने के बाद संभवतः ग्रामीण क्षेत्र का पहला वेस्ट प्रोसेसिंग पिट होगा। वहीं, बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि नंदन के बाद लाखनडिहरा पंचायत में भी वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने वाला है। ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण में यह वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट काफी कारगर साबित होगा। बीडीओ ने लोगों से सफाई अभियान में सहभागी बनने तथा अपने गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने की अपील की है।

### औरंगाबाद में आयोजित क्षेत्रीय विज्ञान मेला में सोनबर्षा के छात्र ने लहराया परचम



**नावानगर।** प्रखंड के सोनवर्षा स्थित माता शिवकुमारी सरस्वती विद्या मंदिर में अध्ययन रत छात्र रौनक कुमार ने औरंगाबाद में आयोजित क्षेत्रीय संगणक विज्ञान मेला में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर वापस स्कूल लौटने पर शुक्रवार को उक्त छात्र को विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य उपेन्द्र पाठक ने बताया कि विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के द्वारा क्षेत्रीय संगणक विज्ञान गणित मेला 2022 का आयोजन इस वर्ष औरंगाबाद में किया गया था। तीन दिवसीय यह कार्यक्रम 19 से 21 अक्टूबर तक चला। जिसमें बिहार और झारखंड के सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर सोनवर्षा के छात्र रौनक कुमार ने विज्ञान नवाचार प्रदर्श में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसका यह प्रदर्शन न सिर्फ छात्र की बेहतर प्रतिभा का पहचान बन गया। बल्कि उसमें बेहतर परवरिश तथा विद्यालय के अच्छे प्रबंधन की गवाही दी है। विद्यालय प्रबंधन की तरफ से छात्र रौनक कुमार के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अव्वल छात्र रौनक कुमार उत्तर पूर्व क्षेत्र की ओर से अखिल भारतीय प्रतियोगिता जो कि राष्ट्र स्तर पर होगी उसमें भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश भोपाल में जाएंगे। फाइनल का यह प्रतियोगिता तीन से छह नवंबर में भोपाल के सरस्वती विद्या मंदिर में होगी। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ साह, सचिव चौधरी सुदामा सिंह समेत सभी शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्रा मौजूद थे।

### कोर्ट की रोक के बावजूद पुलिस ने अभियुक्त को हथकड़ी पहना घुमाया, जिला जज ने फटकारा

**बक्सर।** बक्सर व्यवहार न्यायाल में शुक्रवार को पुलिस की कार्यशैली पर जिला जज काफी नाराज हो गए थे। जिला जल ने इसके लिए पुलिस को फटकार भी लगाई है। मामाल महिला थाना के कांड संख्या 51/2022 के अभियुक्त सुजीत कुमार मिश्र का है। मिली जानकारी के अनुसार कोर्ट द्वारा उन्हें राहत देते हुए पुलिस को बलपूर्वक कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया गया था। लेकिन पुलिस ने इस आदेश को दरकिनार कर उन्हें हथकड़ी पहना पूरे कोर्ट परिसर में घूमाया। उनके अधिवक्ता ने इसकी जानकारी जिला जज को दी। जिसके बाद कोर्ट ने पुलिस को इसके लिए फटकार लगाया। अधिवक्ता अरुण राय ने बताया कि 18 अक्टूबर 2022 को ही अग्रिम जमानत के आवेदन की सुनवाई हुई थी। जिसमें कोर्ट ने पुलिस को बल प्रयोग नहीं करने का आदेश दिया था। लेकिन पुलिस अभियुक्त द्वारा न्यायालय के आदेश का हवाला देने के बावजूद भी गिरफ्तार कर लाई। गौरतलब है कि अभियुक्त की पत्नी ने उनपर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। गौरतलब है कि इन दिनों पुलिस द्वारा न्यायालय के अवमानना के कई मामले देखने को मिल रहे है।

### समाजसेवी उषा सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर 100 जरूरतमंदों के बीच बांटे गए कंबल



**डुमरांव।** अपने जीवन काल में गरीब असहायों की मदद करने वाली समाजसेवी महिला उषा सिंह की प्रथम पुण्यतिथि शुक्रवार को डुमरांव में मनाई गई। इस मौके पर उनके पति सह ईंट व्यवसाई संघ के अध्यक्ष राम बदन सिंह यादव ने 100 गरीब महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उनकी पत्नी आजीवन इस धर्म का निर्वहन करती थी। समारोह में उपस्थित नंदन पंचायत के पूर्व मुखिया राजीव कुमार उर्फ बब्लू पाठक ने कहा कि महिला समाजसेवियों में उनकी गिनती अग्रणी पंक्ति में होती थी। वे हमेशा गरीब मजलूमों की आवाज बनकर उभरती थी तथा हर समय उनकी सेवा में तत्पर रहती थी।

# स्मृति दिवसः एसपी ने शहीदों को नमन कर जवानों को दिलाया कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प



शहीदों को श्रद्धांजलि देते एसपी रोहन पी बोत्रे



शहीदों को सलामी देते एसपी



पुलिस कर्मियों को संबोधित करते एसपी

**गाजीपुर।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन के स्मृति स्थल पर शुक्रवार को स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर एसपी रोहन पी बोत्रे ने शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एसपी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सके बाद 10 जवानों का नाम पढ़ कर सुनाया और लोगों को उनकी वीरगाथा से अवगत कराया। पुलिस लाइन में एसपी ने पुलिस कर्मियों को स्मृति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प दिलाया। साथ ही पुलिस कर्मियों को सत्य, निष्ठ और ईमानदारी के साथ काम करने की सलाह दी।

## छोटी खबरें

### ट्रक की टक्कर से वृद्ध घायल, इलाजरत

**बलिया।** जिले के मनियर गंगापुर तिवारी टोला के पास शुक्रवार को एक ट्रक ने वृद्ध को टक्कर मार दी, जिसमें वो गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि घायल वृद्ध अवकाश प्राप्त मनियार निवासी सीबीसीआईडी इंस्पेक्टर सूबेदार राय (90 वर्षीय) हैं, जो हनुमान मंदिर जा रहे थे, लेकिन पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें धक्का मार दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। जिसमें उनका सिर फट गया तथा दो जगह हड्डियां टूट गई। घायल अवस्था में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### फाइनल मैच में जबलपुर की टीम हुई विजयी

**गाजीपुर।** स्व. सन्नी यादव के स्मृति में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ग्राम सभा जयरामपुर बिठौरा में जबलपुर (कमालपुर) बनाम गाजीपुर स्टेडियम के बीच खेला गया। जिसमें जबलपुर (कमालपुर) ने 30 से 18 के अंतराल में प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि गाजीपुर स्टेडियम में दूसरे तथा वाराणसी की टीम तीसरे स्थान पर रही। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को प्रोत्साहन के रुप में 10 हजार व द्वितीय टीम को पांच हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को तीन हजार प्रोत्साहन राशि एवं शील्ड, मेडल सहित अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान अनिल यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अखिलेश यादव राष्ट्रीय सचिव युवा शक्ति संघ, दुर्गविजय राजभर ग्राम प्रधान जयरामपुर, लल्लन सिंह प्रधान खरगपुर, उमेश पहलवान, श्यामसुंदर शुक्ला, रवि यादव, उज्जवल पाल, नितेश राजभर व अन्य मौजूद रहे।

### नेताजी को भारत रत्न देने की उठी मांग

**बलिया।** जिले के बनरही स्थित गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला कैम्प कार्यालय पर महान समाजवादी नेता उत्तर प्रदेश के पूर्व मूख्यमंत्री व भारत के पूर्व रक्षा मंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव जी को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दबे-कुचले पिछले वर्ग की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक लड़ने वाले महान समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव जी को भारत रत्न देने की मांग उठी। मौके पर जिलाध्यक्ष सुमेर गोंड, तहसील अध्यक्ष संजय गोंड व ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश गोंड, अरविन्द गोंडवाना, सहित सतीष गोंड, रामचन्द्र, रोहित यादव, ओमप्रकाश यादव, श्रीमती सोनामती देवी रहीं।

# जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता देंगी आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा

## हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के तहत भदौरा प्रखंड सभागार में कार्यक्रम का आयोजन

- 23 अक्टूबर को जिले में मनाया जाएगा आयुर्वेद दिवस
- आयुर्वेद लोगों के जीवन को स्वस्थ व संतुलित बनाने में मदद करता है

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



सरकार आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकताओं को अब जागरूक किया जा रहा है। जिससे वो घर-घर जाकर आयुर्वेद चिकित्सा के बारे में लोगों को जगरुक कर सकें। आयुर्वेद की विशेषता और उसकी उपयोगिता बताने के लिए विभाग ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू किया है। जिसके तहत के चिकित्सकों के द्वारा 'हर दिन हर घर आयुर्वेद' कार्यक्रम को लेकर भदौरा प्रखंड सभागर में शुक्रवार की दोपहर कार्यक्रम आयोजित कर आगनबाड़ी कार्यकताओं को जानकारी दी गई। जिससे वे आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जुड़ें। उसके बारे में समझें और अन्य लोगों को भी इसके बारे में समझाएं। प्रशिक्षक एवं नौली आयुर्वेद अस्पताल के आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. संजय कुमार पांडेय ने बताया कि 23 अक्टूबर को सप्तम आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए सेवराई तहसील के भदौरा प्रखंड सभागार में सीडीपीओ एजाज अहमद के नेतृत्व में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर आंगनबाड़ी कार्यकताओं को विस्तृत जानकारी दी गई।

**कोरोना काल के दौरान रामबाण साबित हुआ गिलोय :** 'मेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता' विषय पर डॉ. संजय कुमार पांडेय ने कहा कि कोरोना काल के दौरान गिलोय रामबाण साबित हुआ है। उस दौरान हर कोई अपने दैनिक दिनचर्या में गिलोय का प्रयोग करता था बस हमें लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। लोग छोटे-छोटे बीमारियों में भी दवाइयों का सहारा ले लेते हैं। जबकि आयुर्वेद से न सिर्फ हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, बल्कि इसका कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होता। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद जीवन जीने का एक तरीका है। हमारा शरीर पूरी तरह से स्वस्थ्य रहे इसके लिए हमें बेहतर आहार, योग, डिटॉक्सिफिकेशन, हर्बल उपचार, मेडिटेशन और बेहतर जीवनशैली आदि पर ध्यान देना चाहिए। आयुर्वेद लोगों के जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाने में मदद करता है।

### आयुर्वेद दिवस को लेकर चलाया जा रहा जनजागरुकता अभियान

23 अक्टूबर को मनाए जाने वाले आयुर्वेद दिवस को लेकर जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हर दिन हर घर आयुर्वेद को लोगों तक पहुंचाने के लिए क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। आयुर्वेद दिवस के लिए आयुष मंत्रालय के शासनादेश को आगे बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपना अहम योगदान देंगे। बताया कि ह्यअन्य देशों के साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य आयुर्वेद को हर घर में ले जाना और स्वस्थ भारत से स्वस्थ दुनिया की ओर के सपने को साकार करना है। इस मौके पर बीडीओ राजेश श्रीवास्तव, सीडीपीओ एजाज अहमद, कमला यादव, उषा गुप्ता, नीतू सिंह, पाना देवी, अनीता, सुशीला, सुमन, निकहत, गीता यादव, पूनम, सगुन, नुरशबा आदि मौजूद रही।

# गड़हा महोत्सवः गीत-संगीत प्रतियोगिता 20-20 के ऑडिशन में सैकड़ों ने आजमाई किस्मत

## 4-5 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

**केटी न्यूज/बलिया**



जिले के भरौली में आयोजित होने वाले गड़हा महोत्सव के लिए शुक्रवार को गीत संगीत की प्रतियोगिता ट्वेंटी ट्वेंटी का ऑडिशन संपन्न हुआ। जिसका आयोजन गड़हा विकास मंच के भरौली स्थित कार्यालय में हुआ। ऑडिशन में यूपी व बिहार के अनेक जिलों के सैकड़ों प्रतिभागी शामिल हुए।

प्रतियोगिता के लिए इन सभी प्रतिभागियों में से 20 का ही चुनाव किया जाएगा। जो आगामी चार नवंबर को गड़हा महोत्सव के मंच पर ट्वेंटी ट्वेंटी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। ऑडिशन लेने वालों में मशहूर गीतकार आनंद गहमरी, मशहूर तबला वादक पंडित बब्लू चौबे, शुभम पांडेय, विवेक गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे। ऑडिशन का परिणाम चयनित 20 प्रतिभागियों को कॉल कर प्रतियोगिता में शामिल होने की जानकारी दी जाएगी।

गड़हा विकास मंच के अध्यक्ष चन्द्र मणि राय ने बताया कि बहुचर्चित एवं बहुप्रतीक्षित स्व हरिशंकर राय स्मृति गड़हा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, अनिल राजभर, खेल कूद युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, आयुष एवं खाद्य मंत्री दयाशंकर मिश्र, दयालु दानिश आजाद, बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, राज्य सभा सदस्य नीरज शेखर, पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी, विधायिका केतकी सिंह सहित यूपी बिहार के अनेक मंत्री विधायक शामिल होंगे। पांच नवंबर की रात गोरखपुर के सांसद और अभिनेता रविकिशन तथा आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। बताते चलें कि गड़हा महोत्सव का आयोजन चार एवं पांच नवंबर को भरौली में होना है।

# 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दीपक यादव और वर्तिका पांडेय ने मारी बाजी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



रेवतीपुर गांव में शुक्रवार को ओम श्री बक्शु बाबा एकेडमी के तत्वावधान में नेहरू विद्यापीठ इंटर कॉलेज के ग्राउंड में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों युवक एवं युवतियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व ब्लाक प्रमुख मुकेश राय एवं समाजसेवी सच्चिदानंद राय चाचा ने फीता काटकर किया। बालक वर्ग में 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सुहवल गांव निवासी दीपक यादव प्रथम रहे। उधर अवकल निवासी पवन कुमार राजभर द्वितीय स्थान पर रहे। जबकि खंडवल निवासी अमित यादव तीसरे स्थान पर रहे।

बालिका वर्ग की 1600 मीटर दौड़ में रेवतीपुर निवासी वर्तिका पांडे प्रथम तथा रेवतीपुर निवासी विदुषी पांडे दूसरे स्थान पर रहीं, वही गाजीपुर की रिंकी यादव तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान सच्चिदानंद राय चाचा ने कहा कि गांव के तथा क्षेत्र के विकास में यह आयोजन समय-समय पर होना जरूरी है। इस आयोजन से क्षेत्र के युवाओं का विकास होगा। समाजसेवी एवं भूतपूर्व सैनिक विनोद गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं के लिए किसी भी प्रकार का कोई भी समस्या उत्पन्न न होने दिया जाएगा। युवा अपने दौड़ पर ध्यान रखें। ऐसा आयोजन हर तीन महीने के भीतर कराया जाएगा, ताकि आने वाले समय में इस क्षेत्र के बच्चे अधिक से अधिक संख्या में अर्धसैनिक बल तथा सेना में जा सके। पूर्व ब्लाक प्रमुख मुकेश राय एवं विशिष्ट अतिथि सच्चिदानंद राय चाचा ने प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। मौके पर कृष्ण कुमार सिंह, शिवम पांडे, पंकज राय, विजय शंकर पाल उपस्थित थे।

## एक नजर

### आपसी विवाद में दोस्त ने दोस्त को मार दी गोली, हालत गंभीर, बनारस में चल रहा इलाज



**बलिया।** जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर उदयभान में गुरुवार की देर रात किसी बात को लेकर दो दोस्त आपस में भिड़ गए। मामला इतना बढ़ गया कि एक दोस्त ने परमंदापुर निवासी अफसार (40 वर्षीय) को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई। जिसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर पीड़ित की नाजुक स्थिति देख उसे वाराणसी रेफर कर दिया। दूसरी ओर, मामले में पुलिस ने जख्मी युवक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए शुरू कर दिया है। लेकिन, घटना के 14 घंटों बाद भी आरोपी पकड़ा नहीं जा सका है। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि परमन्दापुर के दो दोस्त रामपुर उदयभान में किसी बात को लेकर आपस में भिड़े और एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर गोली चला दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल के भाई के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### दिवाली की खरीदारी करने बाजार आई सास बहू की सड़क दुर्घटना में मौत, मचा कोहराम



**बलिया।** जिले के सहतवार थाना अंतर्गत सहतवार चांदपुर मार्ग पर खोरौली गांव की पुलिया के पास दर्दनाक सड़क हादसे में सास-बहू की मौत हो गयी। दोनों की पहचान सहतवार थाना क्षेत्र के सिंगही (चौहान बस्ती) निवासी ददन चौहान की पत्नी प्रभावती देवी (55) व उनकी बहू नीलम चौहान (24) के रूप में की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा शुरू किया। तत्पश्चात दोनों शव को पोस्टमार्ट के जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं, घटना की सूचना परिजनों तक भी पहुंची। जिसे सुन घर में कोहराम मच गया और परिजन आन्नफान्न में अस्पताल पहुंचे। जहां सास बहू का शव देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में परिजनों ने बताया कि प्रभावती देवी अपनी बहु के साथ सहतवार बाजार आई थीं। जहां खरीदारी करने के बाद वो दोनों लौट रही थी। इस बीच खोरौली गांव की पुलिया पर पहुंची ही थी, तभी सामने से तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गया। फिलहाल पुलिस घटना के बाद जांच में जुट गई है। हालांकि, परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने ट्रक चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जिसके बाद फरार चालक को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

### फरार चल रहे मऊ विधायक अब्बास अंसारी समेत तीन ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण



**मऊ।** जिला एवं पुलिस प्रशासन के बढ़ते दबाव के कारण मऊ के वर्तमान विधायक एवं बाहुबली मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। अचानक फरार चल रहे विधायक अब्बास अंसारी का गोपनीय ढंग से दोपहर में सरेंडर होने की खबर ने पुलिस महकमे को काफी राहत दी। क्योंकि लंबे समय से पुलिस को उनकी तलाश थी। मगर काफी प्रयास के बाद भी अब्बास अंसारी को पुलिस पकड़कने में नाकाम रही। आखिरकार अब्बास अंसारी के साथ ही मंसूर और उमर अंसारी ने भी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। उनके आत्मसमर्पण की जानकारी होने के बाद परिसर में काफी गहमागहमी रही। अब्बास अंसारी के साथ ही मंसूर और उमर अंसारी ने भी उनके साथ मऊ जिला न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। उनके समर्थक भी इस दौरान परिसर में मौजूद रहे। अपने अधिवक्ता के साथ अदालत में गुपचुप तरीके से वह पहुंचे और अदालत में आत्म समर्पण की अर्जी उनके अधिवक्ता ने पेश की। इसके बाद अदालत में उनके आत्मसमर्पण की प्रकिया शुरू कर दी है। जिसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

### सरकारी कर्मचारी का दर्जा पाने को रसोइयों ने दिया धरना, आरपार की लड़ाई की दी चेतावनी



**बलिया।** राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइया संघ के बैनर तले रसोइयों ने कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता संस्थापक चमेली सिंह ने किया। इस दौरान चमेली सिंह ने कहा कि लगभग 25 वर्षों से रसोइयों का उत्पीड़न लगातार जारी है। चाहे किसी की भी सरकार आई हो, रसोइया हजार रूपए मेहनताना वह भी समय से नहीं पाए जाने के बावजूद परिसर में साफ-सफाई, बच्चों का बर्तन धोना और गर्मागरम भोजन परोसना की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। लेकिन आज तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा उन्हें नहीं दिया गया। कहा कि यदि जल्द से जल्द रसोइयों का उत्पीड़न नहीं रोका गया, तो आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस अवसर पर आशा देवी, सुभगिया देवी, मुन्नी देवी, अनिता देवी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# गाजीपुर के ग्रामीण इलाकों में बनेंगे 69 नवीन स्वास्थ्य उपकेंद्र

- सरकार ने आयुष्मान भारत इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत बनने की दी स्वीकृति
- 24 नवीन स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए बजट आवंटित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिले के शहरी इलाकों में स्वस्थ्य सुविधाएं पूर्व की अपेक्षा काफी सुदृढ़ हुई हैं। लेकिन, अब प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य महकमा के स्तर से जिला समेत पूरे राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ सुविधाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सरकार व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयुष्मान भारत इन्फ्राट्रक्चर के तहत जिले के ग्रामीण इलाकों में 69 नवीन स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने की स्वीकृति शासन द्वारा मिल गई है। इसके लिए पहले से ही जमीन चिह्नित की जा चुकी है और अब कार्यदायी संस्था को भी नामित कर दिया गया है। जिसके बाद जल्द से जल्द ग्रामीण इलाकों में नवीन स्वासथ्य उपकेंद्र बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। इसे लेकर कार्यदाई संस्था के अधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी के मध्य दो दिन पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठक हुई।

### उपकेंद्र के निर्माण के लिए शासन को भेजा गया था प्रस्ताव

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह ने बताया कि जनपद के ग्रामीण इलाकों में प्रसव के लिए बनाए गए उपकेंद्र, जो काफी जीर्ण-शीर्ण हालात में हो गए थे। बहुत सारे उपकेंद्र जर्जर व ध्वस्त भी हो चुके हैं। इसके चलते वहां पर प्रसव प्रभावित हो रहा था। जिसको को ध्यान में रखते हुए पूर्व में उपकेंद्र के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें से 69 नवीन स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण के लिए शासन की स्वीकृति आ चुकी है। इसमें से 24 उपकेंद्र बनाने के लिए बजट भी आवंटित हो चुका है।

### निर्माण को लेकर समय सीमा भी निर्धारित

डॉ. हरगोविंद सिंह ने बताया कि बैठक में कार्यदाई संस्था के अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल थे। जिसमें कार्यदाई संस्था को उपकेंद्र के निर्माण के लिए मानक और गुणवत्ता को ध्यान में रखने की सख्त हिदायत दी गई। उन्होंने बताया कि उपकेंद्रों का निर्माण प्रत्येक प्रखंडों में एक या दो जगह चिह्नित जमीनों पर बहुत ही जल्द शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपकेंद्रों के निर्माण को लेकर समय सीमा भी निर्धारित कर दिया गया है।